उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांक:–परीक्षा/ 136 /2022–23 दिनांक: 13 जुलाई, 2022

विज्ञप्ति/अधिसूचना

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत **सहायक अध्यापक एल0टी0 हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामान्य, कला, व्यायाम, गृहविज्ञान, वाणिज्य, संगीत, उर्दू, पंजाबी, बंगाली** विषय की दिनांक **08–08–2021 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई।**

उक्त परीक्षा के आधार पर आयोग के द्वारा अभिलेख सत्यापन हेतु जारी श्रेष्ठता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के उपरान्त आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 11–07–2022 के द्वारा स0अ0एल0टी0 गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय में दिव्यांगता श्रेणी की श्रेष्ठता सूची पुर्नरीक्षित करते हुए आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। पुर्नरीक्षित श्रेष्ठता सूची के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति/अधिसूचना संख्या–129 दिनांक 11–07–2022 के द्वारा विषयवार अभिलेख सत्यापन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन कार्य किया जाना निर्धारित है।

सूच्य है कि स0अ0एल0टी0 विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषय की दिव्यांगता श्रेणी की पुर्नरीक्षित श्रेष्ठता सूची के संदर्भ में पुनः दिव्यांग अभ्यर्थियों से प्रत्यावेदन प्राप्त हुए हैं। अतः प्राप्त प्रत्यावेदन के क्रम में दिव्यांगता श्रेणी में चयनित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि गणित, अंग्रेजी व विज्ञान विषय में दिव्यांगता श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन कार्य प्रत्यावेदन/प्रकरणों के निस्तारण होने तक स्थगित किया जाता है। उक्त विषय की दिव्यांग श्रेणी के अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों का विषयवार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही अभिलेख सत्यापन कार्य सम्पादित किया जायेगा।

14/7/22

सचिव

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

देहरादून।